आर्मी स्कूल ने अंडर-14 और संस्कार वैली ने 17 आयु वर्ग में फुटबॉल मुकाबले जीते

28वीं जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता से पहले द संस्कार वैली और आर्मी पब्लिक स्कूल के बीच रविवार को मैच खेले गए। यहां अंडर-14 वर्ग के मैच में आर्मी पब्लिक स्कूल और अंडर-17 वर्ग के मैच में द संस्कार वैली स्कूल ने जीत दर्ज की। आर्मी स्कूल के मैदान पर अंडर-14 में आर्मी स्कूल ने द संस्कार वैली को 5-4 से और अंडर-17 में द संस्कार वैली ने आर्मी पब्लिक स्कूल को 4-3 से हराया। इस दौरान विकास चौधरी, विवेक गौड़ व राजेश पटेल मौजूद रहे।